 Roll No. ....

S.C.No.—A/21/2001102

B.A. (Compulsory) EXAMINATION, 2021

(First Semester)

HINDI

Time : 2 Hours *Maximum Marks : 80*

नोट : कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) राम नाम के पटतरे, देबे को कुछ नाहिं ।
क्या ले गुरु संतोषिए, हौंस रही मन माहिं ।
पीछे लागा जाइ था, लोक वेद के साथि ।
आगै थैं सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि ॥

(ख) मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै ।
जैसे उड़ि जहाज को पच्छी, फिरि जहाज पै आवै ।

https://www.cbluonline.com

कमल नैन कौं छाँड़ि महातम, और देव को ध्यावै ।
परम गंग कौं छाँड़ि पियासौ, दुरमति कूप खनावै ।
जिहिं मधुकर अंबुज-रस चाख्यौ, क्यों करील फल भावै ।
सूरदास प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावे ॥

(ग) धूत कहौ, अवधूत कहौ,
रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ ।
काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब,
काहू की जाति बिगार न सोऊ ।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को,
जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ ।
माँगि कै खैबो, मसीत को सोइबो,
लैबो को एकु न दैबे को दोऊ ।

(घ) बस्यां म्हारे णेणण मां नन्दलाल
मोर मुगट मकराकृत कुण्डल अरुण तिलक सोहां भाल ।
मोहन मूरत सांवरा सूरत, णेणा बण्या विशाल ।
अधर सुधारस मुरली राजां, उर बैजंता माल ।
मीरां प्रभु संतां सुखदायाँ, भक्त बछल गोपाल ।

https://www.cbluonline.com

2. कबीरदास **अथवा** तुलसीदास का साहित्यिक परिचय दीजिए ।

3. मीराबाई के काव्य में श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और समर्पण को स्पष्ट कीजिए ।

4. सूरदास द्वारा रचित भ्रमरगीत का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए :

   (क) कबीर की वाणी में गुरु की महिमा का विशेष उल्लेख किया गया है–स्पष्ट कीजिए ।

   (ख) 'कबीर समाज सुधारक संत कवि थे'- इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

   (ग) सिद्ध कीजिए कि सूरदास वात्सल्य वर्णन में अनूठे हैं ।

   (घ) मीराबाई की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए ।

   (ङ) रसखान की कृष्णभक्ति की विवेचना कीजिए ।

   (च) 'बिहारी ने अपने दोहों में गागर में सागर भर दिया है ।' सिद्ध कीजिए ।

https://www.cbluonline.com

6. आदिकाल के नामकरण की समीक्षा कीजिए ।

7. आदिकाल की परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (क) शब्दशक्ति किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख भेदों का विवेचन कीजिए ।

   (ख) काव्य-गुण किसे कहते हैं ? इसके भेदों का उल्लेख कीजिए ।

   (ग) काव्य के प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए ।

   (घ) अनुप्रास अलंकार और अतिशयोक्ति अलंकार को परिभाषा तथा उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

   (i) कबीरदास ईश्वर के किस रूप में विश्वास करते हैं ?

   (ii) तुलसीदास के प्रसिद्ध ग्रन्थ का नाम क्या है ?

   (iii) मीराबाई ने रणछोड़ किसे कहा है ?

   (iv) बिहारी की प्रमुख रचना का क्या नाम है ?

   (v) 'विद्यापति पदावली' किस भाषा की रचना है ?

   (vi) किन्हीं **चार** प्रमुख रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए ।

https://www.cbluonline.com

(vii) संचारी भाव से क्या अभिप्राय है ? संचारी भावों की संख्या कितनी है ?

(viii) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ix) उपमेय किसे कहते हैं ?

(x) चौपाई छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

https://www.cbluonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.cbluonline.com